# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**15 June 2026**

Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी ने वर्ष 2024 के लिए राजस्थान से किसे प्रो. विष्णुकांत शास्त्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

(A) टीना डाबी
(B) डॉ. अलका शर्मा
(C) डॉ. जितेंद्र सोनी
(D) इनमें से कोई नही

डॉ. जितेंद्र सोनी को प्रो. विष्णुकांत शास्त्री पुरस्कार

- मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी ने वर्ष 2024 के लिए हनुमानगढ़ निवासी और आईएएस अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र कुमार सोनी को एक लाख राशि का "अखिल भारतीय प्रोफेसर विष्णुकांत शास्त्री पुरस्कार" से सम्मानित किया।
- उन्हें उनके यात्रा वृत्तांत को "ओकुहेपा" के लिए यह पुरस्कार दिया गया।
- "ओकुहेपा इससे पहले राजस्थान सरकार के हिंदी सेवा पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

**Yesterday Revision**

01. राजस्थान में खाद वितरण को पूरी तरह डिजिटल प्रणाली से जोड़ने की दिशा में राजसमंद और सिरोही जिलों में यूनिक फार्मर आईडी आधारित खाद वितरण प्रणाली लागू की गई है

02. सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (SRS)-2024 के अनुसार राजस्थान की शिशु मृत्यु दर (IMR) घटकर 28 प्रति 1000 जीवित जन्म हो गई है। राजस्थान शिशु मृत्यु दर के मामले में देश में 5वें स्थान पर है

03. वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजस्थान का रेलवे बजट ऐतिहासिक रूप से बढ़कर 10,228 करोड़ रुपये हो गया है।

04. योगाचार्य ढाकाराम को 10 जून 2026 को ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में स्थित विक्टोरिया संसद भवन (Parliament of Victoria) में प्रतिष्ठित 'भारत गौरव सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया है।

05. राजस्थान को खनिज ब्लॉकों की नीलामी में अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए देश में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) केंद्र सरकार के PRAGATI (प्रगति) प्लेटफॉर्म की तर्ज पर राजस्थान में एक नया डिजिटल गवर्नेंस प्लेटफॉर्म राज उन्नति लॉन्च किया गया है

(B) राजस्थान ऐसा तंत्र विकसित करने वाला देश का पहला राज्य बना है।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- केंद्र सरकार के PRAGATI (प्रगति) प्लेटफॉर्म की तर्ज पर राजस्थान सरकार ने महत्वपूर्ण परियोजनाओं, कल्याणकारी योजनाओं और जन शिकायतों की लाइव समीक्षा और तीव्र निस्तारण के लिए 'राज उन्नति' (Raj UNNATI) नाम से एक नया डिजिटल गवर्नेंस प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है।
- राजस्थान ऐसा तंत्र विकसित करने वाला देश का पहला राज्य बना है।
- इसके माध्यम से अब तक 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक लागत की, 42 महत्वपूर्ण परियोजनाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग-समीक्षा कर, इन्हें फास्ट ट्रैक मोड पर लाया गया है।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) ) राजस्थान के पूर्व ओलंपियन गोपाल सैनी को "फ़ीसू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी स्क्वैश चैंपियनशिप" की आयोजन समिति में "डिसिप्लिन एंड ग्रीवेंस" कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है।

(2) चैंपियनशिप का आयोजन 3-9 अगस्त 2026 तक मुंबई में होगा

**सही विकल्प चुनें**



(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान के पूर्व ओलंपियन गोपाल सैनी को "फ़ीसू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी स्क्वैश चैंपियनशिप" की आयोजन समिति में "डिसिप्लिन एंड ग्रीवेंस" कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है।
- यह नियुक्ति भारतीय विश्वविद्यालय संघ ने की है।
- इस चैंपियनशिप का आयोजन 3-9 अगस्त 2026 तक मुंबई के "सोमैया विद्या विहार विश्वविद्यालय" में किया जाएगा।

03.युवा आपदा मित्र योजना' के तहत राजस्थान के कितने जिलों में बड़े स्तर पर प्रशिक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है?

(A) 04 जिलों में

(B) 13 जिलों में

(C) 09 जिलों में

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- आपदाओं के समय त्वरित राहत, बचाव और जनसहायता को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की महत्वाकांक्षी 'युवा आपदा मित्र योजना' के तहत राजस्थान में बड़े स्तर पर प्रशिक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है।
- इस योजना के अंतर्गत राज्य के 13 आपदा प्रभावित जिलों के 12 हजार 650 युवा स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है
- प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को खोज एवं बचाव (सर्च एंड रेस्क्यू), प्राथमिक उपचार, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, सामुदायिक समन्वय, रोप रेस्क्यू और आपातकालीन प्रतिक्रिया जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) जयपुर में आयोजित राजस्थान ग्रीन इनोवेशन चैलेंज-2026 में बिहार के खगड़िया जिले के आशुतोष कुमार सिंह को सम्मानित किया गया

(B) उन्हें यह पुरस्कार प्रदूषित पानी को साफ करने की नई सौर ऊर्जा आधारित तकनीक हेतु मिला है




सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

5 जून 2026 को राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित राजस्थान ग्रीन इनोवेशन चैलेंज-2026 में बिहार के खगड़िया जिले के आशुतोष कुमार सिंह और उनकी टीम को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

यह सम्मान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रदान किया गया. यह शोध गंदे और प्रदूषित पानी को साफ करने की नई सौर ऊर्जा आधारित तकनीक पर आधारित है.

इस तकनीक में पानी की सतह पर तैरने वाली विशेष सामग्री का उपयोग किया जाता है, जो सूर्य के प्रकाश की मदद से पानी में मौजूद हानिकारक रसायनों, रंगों, जीवाणुओं तथा अन्य प्रदूषकों को नष्ट करने में सक्षम है. यह शोध कार्य राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) राउरकेला में प्रोफेसर शुभंकर पाल के मार्गदर्शन में किया गया.

## 05. राजस्थान कैडर के 1995 बैच के किस वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को केंद्र में डीजी रैंक के लिए (एम्पैनल) सूचीबद्ध किया है?

(A) दिनेश एमएन

(B) बीजू जॉर्ज जोसेफ

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान कैडर के 1995 बैच के दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों दिनेश एमएन और बीजू जॉर्ज जोसेफ को केंद्र में डीजी रैंक के लिए (एम्पैनल) सूचीबद्ध किया है। दोनों 'जांबाज' अधिकारी अब दिल्ली (केंद्र सरकार) में अपनी कमान संभालेंगे।
- केंद्रीय कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने देशभर के 33 आईपीएस (IPS) अधिकारियों को केंद्र में डायरेक्टर जनरल (DG) रैंक के लिए एम्पैनल (सूचीबद्ध) किया है। इसमें राजस्थान से इन दोनों जांबाज अफसरों का नाम शामिल है। अब ये दोनों अधिकारी दिल्ली (केंद्र सरकार) में अपनी सेवाएं देंगे।
- दिनेश एमएन (M.N. Dinesh): वर्तमान में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) के पद पर कार्यरत हैं।
- बीजू जॉर्ज जोसेफ (Biju George Joseph K.): वर्तमान में एडीजी कार्मिक के पद पर कार्यरत हैं।।

जयपुर, शनिवार, 13 जून, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-114

1. **राजस्थान** के किस जिले से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान का राष्ट्रीय विस्तार किया गया था?
(A) सीकर
(B) जयपुर
(C) झुंझुनूं
(D) अलवर

2. **प्रस्तावित** दिल्ली-बहरोड़ आरआरटीएस कॉरिडोर के तहत राजस्थान सीमा में कुल कितने स्टेशन स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं?
(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5

3. **पीएम-कुसुम** योजना (कम्पोनेंट-ए) के तहत सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने में राजस्थान का देश में कौन-सा स्थान है?
(A) प्रथम
(B) द्वितीय
(C) तृतीय
(D) चतुर्थ

4. **केंद्र** सरकार के 'प्रगति' प्लेटफॉर्म की तर्ज पर महत्वपूर्ण परियोजनाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग और उन्हें फास्ट-ट्रैक मोड पर लाने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा कौन-सा नया प्लेटफॉर्म शुरू किया गया है?
(A) राज संपर्क
(B) राज विकास
(C) राज उन्नति
(D) राज दृष्टि

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक उपज' के तहत पाली जिले की उपज कौन सी है?
(A) मेहन्दी (B) ईसबगोल
(C) अनार (D) जीरा

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान को खनिज ब्लॉकों की नीलामी में अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए देश में कौनसा पुरस्कार प्राप्त हुआ है?**

(A) प्रथम

(B) द्वितीय

(C) तृतीय

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine